डिस्को डिस्को की पुरानी यादों को ताज़ा कर दिया सिद्धार्थ-जैकलिन ने

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जैकलीन फर्नांडीज ने ए जेंटलमैन के नए डिस्को डिस्को के गाने ने पुराने डिस्को युग को फिर से जीवित कर दिया है। 80 के दशक में डिस्को डांस और संगीत की एक लोकप्रिय शैली थी। धमाकेदार डिस्को सा माहौल और चमकदार वेशभूषा से यकीनन आपको अस्सी के दशक की एक बार फिर से याद आ जाएगी। क्लब के इस गीत को बॉस्को द्वारा खूबसूरती से कोरियॉग्राफ किया गया है, जिसमें बेहतरीन डांसर जैकलिन और सिद्धार्थ अपना जादू बिखेरते हुए नज़र आ रहे हैं। जैकलिन और सिद्धार्थ की यह जोड़ी पहले भी ज्यादा सेक्सी नज़र आ रही है। दोनों की केमिस्ट्री पर्दे पर काफी खूबसूरत लग रही है। ए जेंटलमैन में सिद्धार्थ मल्होत्रा को दो अलग-अलग अवतारों में पेश किया जाएगा, जिसमें से एक है सुंदर और सुशील गौरव और दूसरा रिस्की रिशी, जबकि जैकलिन को उनकी प्रेम रुचि काव्या के रूप में दिखाया जाएगा। इस फिल्म में ऐक्शन, कॉमिडी, रोमांच और रोमांस सब नज़र आनेवाला है फिल्म के ट्रेलर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फॉक्स स्टार स्टूडियोज द्वारा निर्मित, राज और डी.के. द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 अगस्त 2017 को रिलीज़ होगी।

लता मंगेशकर से सीखा हिंदी उच्चारण : ट्रिपे गारियल

ब्रिटिश मूल की भारतीय गायिका ट्रिपे गारियल हिंदी भले ही नहीं समझ पाती, लेकिन वह हिंदी में गा सकती हैं। गारियल का कहना है कि उन्होंने प्रख्यात गायिका लता मंगेशकर के गाने सुनकर हिंदी के उच्चारण सीखे हैं। गारियल ने बताया, मैंने लता मंगेशकर के गाने सुनकर हिंदी के उच्चारण सीखे, जबकि स्टाइल के साथ गाने की कला मुझे श्रेया घोषाल की पसंद है। गारियले 11 साल की उम्र से बॉलिवुड गाने सुनते हुए बड़ी हुई हैं और वह इन गीतों की भाषा से नहीं, इनकी धुनों से आकर्षित हुई। गारियल दुबई के सगीतकार और निर्माता आतिफ अली के साथ काम करती हैं। उन्होंने कहा, मैं आतिफ से बातचीत के पहले 50 सेकंड में ही जुड़ गई, जब उन्होंने मुझे एक धुन सुनाई, जो उसके बाद मेरे दिमाग से नहीं निकली। ब्रिटेन में जन्मी और पली-बढ़ी गारियल ने आ वी जा, साथिया और वो पल जैसे लोकप्रिय गीतों से बॉलिवुड में अपनी एक खास जगह बनाई है। उन्होंने छह जुलाई को अपना नया सोलो सॉन्ग कमली पेश किया था।

सोशल मीडिया प्यार-बना सकता है डिप्रेशन का शिकार

कभी तस्वीरें खुशियों को समेट खामोशी से ऐल्बम में कैद हो जाती थीं। कभी कभार हमारे इशारे पर जब वो निकलती थीं तो कुछ पलों का सुकून दे जाती थीं। ये वो दौर था, जब कैमरे शख्स की खूबसूरती नहीं, उस पल की यादें सहेजते थे और तस्वीरें खिंचवाने वालों के दिमाग पर भी खूबसूरत और यूनीक दिखने का भूत नहीं सवार होता था। आज के दौर में कैमरे चेहरे को खूबसूरत दिखाने के फिल्टर्स से लैस हैं और लोगों का दिमाग खुद को अलग दिखाने के उतावलेपन से। तरह-तरह के सोशल मीडिया ऐप्स की दीवारों पर सजी तस्वीरें खुशियों से ज्यादा सनक दिखाती हैं और सच से ज्यादा झूठ। खुद को अलग पेश करने की सोशल मीडिया ऐप्स की इस दौड़ में लोग बिना गिरे बस जीतने की ख्वाहिश रखते हैं। इस चक्कर में वे बाहर से भले खुद को कितना भी अच्छा दिखा लें लेकिन उनका दिमाग इसके साइड इफेक्ट्स को झेल रहा है। यूके की रॉयल सोसायटी फॉर पब्लिक हेल्थ की हालिया रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है कि सोशल मीडिया ऐप्स मेंटल हेल्थ के लिए नुकसानदायक हैं। इनमें इंस्टाग्राम का नाम सबसे ऊपर है। इस वजह से लोगों में खासकर यंग जेनरेशन में बॉडी इमेज और बॉडी कॉन्फिडेंस को लेकर डिप्रेशन देखा जा रहा है। एजेंसी ने वर्ल्डवाइड 14 से 24 साल की उम्र के करीब 1500 लोगों पर रिसर्च की। उन्होंने लोगों से फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर और स्नैपचैट जैसी सोशल साइट्स से रिलेटेड 14 सवाल पूछे। इस रिसर्च में यह बात सामने आई कि लोगों को इन ऐप्स को यूज करते रहने से बेचैनी, डिप्रेशन और अकेलापन जैसी परेशानियां होती हैं। वैसे तो इन सभी ऐप्स के साथ लोगों को ये परेशानियां फेस करनी पड़ती हैं। इस सबमें इंस्टाग्राम का नाम सबसे ऊपर है। इंस्टाग्राम की वजह से लड़कियों और महिलाओं में बॉडी शेमिंग और इंसिक्योरिटी की फीलिंग्स बढ़ी है। लोग परफेक्ट दिखने के लिए फिल्टर और एडिटिंग टूल्स का सहारा लेने लगे हैं। ऐसे में कई लड़कियों और महिलाओं को लगता है कि उनकी बॉडी बाकी लोगों जितनी परफेक्ट नहीं है। इस वजह से उनमें बॉडी कॉन्फिडेंस को लेकर डिप्रेशन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। अब सोशल मीडिया पर तस्वीरों को लेकर काफी कॉम्पिटिशन बढ़ गया है। लड़के-लड़कियां सभी सोशल साइट्स पर खुद को खूबसूरत दिखाना चाहते हैं। इंस्टाग्राम ने इस क्रेजीनेस को और भी बढ़ा दिया है। हालांकि, आलम लड़कों का भी वैसा ही है, लेकिन लड़कियों के लिए ऐप में फिल्टर्स और एडिटिंग टूल्स के ऑप्शन ज्यादा होने से वो अपनी पिक्स को और भी अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

करीना के साथ शूटिंग पर जाएगा तैमूर

करीना कपूर और सोनम कपूर की आने वाली फिल्म वीरे दी वेडिंग की शूटिंग पर करीना कपूर अपने बेटे तैमूर को भी साथ ले जाएंगी। करीना कपूर की प्रेग्नेंसी के कारण इस फिल्म की डायरेक्टर रिया कपूर ने फिल्म की शूटिंग को टाल दिया था। अब यह फिल्म दर्शकों के सामने सितंबर में आने को तैयार है। वीरे दी वेडिंग अपनी अनाउंसमेंट के समय से ही चर्चा में रही है। पिछले दिनों खबर आई थी कि करीना कपूर प्रेग्नेंट होने की वजह से इस फिल्म में काम नहीं करेंगी पर अब करीना इस फिल्म के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म को लेकर करीना काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के बीच वह तैमूर को कैसे वक्त दे पाएंगी तो उन्होंने कहा, तैमूर शूटिंग पर मेरे साथ ही होगा। हालांकि सारी चीजों को बैलेंस करना मुश्किल होगा। सैफ भी कुछ दिनों तक तैमूर की देखभाल करेंगे। तैमूर मेरी प्राथमिकता है और मेरा शेड्यूल उसी के आस पास घूमता रहता है। इस फिल्म की कहानी चार ऐसी लड़कियों के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक शादी अटेंड करने जाती हैं। वीरे द वेडिंग में करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया मुख्य भूमिका में होगीं।

मैं अपना ही किरदार नहीं निभा रही - कैट

कटरीना कैफ का अगला पूरा साल काफी व्यस्त बीतने वाला है। वह अभी तीन फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं। उनकी सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर ज़िंदा है के अलावा ठग्स ऑफ हिंदोस्तां और आनंद एल राय की अनाम फिल्म की भी शूटिंग चल रही है। आनंद एल राय की फिल्म में उनके साथ शूटिंग अगस्त से शुरू करेंगी। इस फिल्म में अनुष्का शर्मा भी एक महत्वपूर्ण किरदार में दिखाई देंगी। अभी तक ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा था कि इस फिल्म में कटरीना कैफ खुद का ही किरदार निभाएंगी लेकिन उन्होंने हाल में इस बारे में खुलासा किया है। मीडिया से बात करते हुए हाल में कटरीना ने बताया कि वह फिल्म में एक ऐक्ट्रेस का किरदार निभा रही हैं लेकिन इसमें वह खुद का ही किरदार नहीं भी निभा रही हैं। उन्होंने यह भी साफ किया है कि इस फिल्म का नाम कटरीना मेरी जान या लव यू कटरीना भी नहीं है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में मैं एक ऐक्ट्रेस बनी हूं लेकिन मैं अपना ही किरदार नहीं निभा रही हूं। इस फिल्म में मैं कटरीना कैफ नहीं हूं। मेरे किरदार का नाम कुछ और है और इसलिए इस फिल्म का नाम कटरीना मेरी जान भी नहीं होगा। देखते हैं, शाहरुख और आनंद इस फिल्म का नाम क्या रखते हैं।

शाहरुख खान नज़र आएंगे। जहां शाहरुख अभी इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं वहीं कटरीना इस फिल्म में अपने किरदार की

अपने बर्थडे पर बेटे संग जमकर थिरकीं मान्यता

बॉलिवुड ऐक्टर संजय दत्त की पत्नी मान्यता सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया, जिसका विडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस विडियो में मान्यता अपने बेटे शहरान के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। मां-बेटे की यह क्यूट जोड़ी फुल मूड में लूइस फोंसी के मशहूर गाने डेस्पासितो पर थिरकती नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर शेयर हुआ यह विडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। वैसे यह पहली बार नहीं है जब मान्यता ने कोई विडियो शेयर किया हो। इसके पहले भी मान्यता ने एक विडियो शेयर किया था जिसमें वह अपने पति संजय के साथ फुल मस्ती में डांस करती नजर आ रही थीं।मान्यता ने अपने बर्थडे पर इस विडियो के अलावा अपनी एक तस्वीर भी शेयर की है जिसमें ब्लैक कलर की ड्रेस में काफी हॉट नजर आ रही हैं। हाल ही में परिवार संग फ्रांस से छुट्टियां मनाकर लौटी मान्यता ने कुछ समय पहले भी बिकीनी में अपनी तस्वीर शेयर की थी जिसमें वह काफी सेक्सी अवतार में नजर आ रही थीं।

दीपा की बायॉपिक बनाएंगे फरहान-रितेश

एक ओर जहां बायॉपिक फिल्म इंडस्ट्री वालों का फेवरिट जॉनर बनती जा रही है, तो वहीं खेल में लड़कियों की भागीदारी को लेकर देश में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में लड़कियों के खेल को लेकर पिछले दिनों कई बायॉपिक बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रहीं, जिनमें मैरी कॉम और दंगल प्रमुख हैं। अब खबर है कि फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी पैरालिंपिक गेम्स में मेडल जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी दीपा मलिक पर बायॉपिक बनाने की तैयारी कर रहे हैं। दीपा ने समर पैरालिंपिक 2016 में शॉटपुट में सिल्वर मेडल जीता था। खबर है कि रितेश की टीम ने जब दीपा मलिक की बायॉपिक पर एक स्क्रिप्ट तैयार करने की इच्छा दिखाई, तो रितेश को भी यह प्रॉजेक्ट काफी दिलचस्प लगा। रितेश ने इसके लिए दीपा से मुलाकात भी की। बताया जा रहा है कि आधे घंटे के लिए तय यह मुलाकात लगभग पांच घंटे तक चली जिसमें दीपा ने अपने बारे में रितेश को काफी कुछ बताया। इस मुलाकात के बारे में रितेश कहते हैं, मैं उनके कई विडियो देख चुका हूं और जानता था कि उनकी जिंदगी की कहानी आसान नहीं है। लेकिन जब मैंने उनसे मुलाकात की और उन्होंने अपना मैडल मुझे पकड़ाया, तो मुझे बहुत ज्यादा खुशी का एहसास हुआ।

लिपस्टिक अंडर माय बुर्का : किसिंग से लेकर सेक्स सीन,सेंसर बोर्ड ने काटा

बोल्ड विषय की वजह से विवादों में रही फिल्म लिपस्टिक अंडर माय बुर्का आखिरकार शुक्रवार को रिलीज हो गई। हाल ही में सेंसर बोर्ड द्वारा जारी की गई एक लिस्ट सामने आई है जिसमें उन सीन्स का जिक्र है जिन्हें फिल्म से डिलीट किया गया है। फिल्म को 27 कट के साथ रिलीज किया गया है। आइए एक नजर डालते हैं कुछ ऐसे ही सीन्स पर जिनपर कैंची चलाई गई है... - एक लड़का और लड़की के बीच के लव मेकिंग सीन को डिलीट किया गया है। - एक सीन में एक लड़की अपने ब्लाउज के बटन खोलती है, इसे फिल्म से हटाया गया है। फिल्म के सीन में लड़की अपनी बैकलेस पीठ दिखाती है और लड़का अपनी पैंट खोलता है। यह सीन डिलीट किया गया है। - लड़का और लड़की के बीच के किसिंग सीन को फिल्म से हटाया गया है। फिल्म के किरदार अरशद और लीला के बीच फिल्माए गए उस सीन को डिलीट किया गया है जिसमें वह लीला से कहता है, बेबी डॉल पहले तेरे हुस्न की कोने कोने की इंटरव्यू तो ले लूं। - लीला और अरशद का एक और किसिंग सीन डिलीट किया गया है जिसमें लीला कहती है, ज्यादा टशन मत दिखा, समझा। वैसे बता दें कि पहली बार फिल्म देखने के बाद सेंसर बोर्ड ने इसे सेंसर सर्टिफिकेट देने से ही इनकार कर दिया था। उसके बाद अपीलेट ट्राइब्यूनल से इस फिल्म को जैसे-तैसे कुछ कट्स और ए सर्टिफिकेट के साथ रिलीज की मंजूरी मिली। अलंकृता श्रीवास्तव निर्देशित इस फिल्म में कोंकणा सेन, रत्ना पाठक, अहाना कुमार और प्लाबिता प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अपने पापा को निर्देशित करना चाहती हैं श्रद्धा

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने कहा है कि जब भी कभी वह फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में उतरेंगी, तो अपने पिता को निर्देशित करना चाहेंगी। श्रद्धा ने गुरुवार को एक इंटरव्यू में फैन्स द्वारा यह पूछे जाने पर कि अगर वह फिल्म का निर्देशन करती हैं, तो किस अभिनेता को अपनी फिल्म में लेना चाहेंगी तो उनका जवाब था उनके पापा। श्रद्धा ने कहा, अगर मैं कभी निर्देशन करती हूं तो अपने पिता को निर्देशित करना चाहूंगी। श्रद्धा आगामी फिल्म हसीना : द क्वीन ऑफ मुंबई को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म के किरदार के लिए परफेक्ट लुक के बारे में पूछे जाने पर श्रद्धा ने कहा, मैंने फिल्म के लिए सात-आठ किलोग्राम वजन बढ़ाया। अब मैं इसे कम कर रही हूं। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनीं हसीना पारकर अपराध की पृष्ठभूमि पर है। फिल्म की कहानी दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर पर आधारित है। फिल्म के निर्देशक के बारे में उन्होंने कहा, वह बहुत सकारात्मक हैं। इससे पहले मैं ऐसे व्यक्ति से कभी नहीं मिली और यही वजह है कि उनके साथ काम करना मजेदार रहा। श्रद्धा ने अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

आईएफएफएम में तिरंगा फहराने वाली पहली भारतीय महिला होंगी ऐश्वर्या राय बच्चन

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन को मेलबर्न में होने वाले भारतीय फिल्म महोत्सव (आइ एफएफएम) में उनके विश्व सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। आई एफ एफ एम आस्ट्रेलिया में होने वाला भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा वार्षिक समारोह है। आईएफएफएम में भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाले विशेष सत्र सेलिब्रेटिंग इंडिया ऐट 70! के दौरान ऐश्वर्या मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर भारतीय ध्वज फहराएंगी। वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला होंगी। ऐश्वर्या को 11 अगस्त की रात वेस्टपैक आईएफएफए पुरस्कार समारोह में विक्टोरिया सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह के निदेशक मितू भौमिक लांगे ने एक बयान में कहा, हमारे लिए इस बार अपनी चहेती अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन का आईएफएफएम में स्वागत करना सम्मान की बात होगी। वह एक वैश्विक हस्ती हैं और आस्ट्रेलियाई दर्शकों में बेहद लोकप्रिय हैं। यह सभी भारतीयों के लिए एक सम्मान का क्षण होगा, जब वह मेलबर्न की हृदयस्थली पर भारती ध्वज फहराने वाली पहली भारतीय महिला बनेंगी। भौमिक ने कहा, विश्व सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए सरकार द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। हम सभी इस अनुभव के लिए बेकरार हैं।

बड़े काम का तेजपत्ता, ये फायदे नहीं जानते होंगे आप

तेजपत्त का इस्तेमाल ज्यादातर पकवानों में किया जाता है। मसाले के तौर पर इस्तेमाल होने वाली इन पत्तियों में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में ऐंटी-ऑक्सिडेंट पाया जाता है। इसके अलावा इन पत्तियों में कई तरह के प्रमुख तत्व जैसे कॉपर, पोटैशियम, कैल्शियम, सेलेनियम और आयरन पाया जाता है... किडनी स्टोन और किडनी से जुड़ी ज्यादातर समस्याओं के लिए तेजपत्ते का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। तेजपत्ते को उबालकर उस पानी को ठंडा करके पीने से किडनी स्टोन और किडनी से जुड़ी दूसरी समस्याओं में फायदा मिलता है। सोने से पहले तेजपत्ते का इस्तेमाल करना अच्छी नींद के लिए बहुत फायदेमंद है। तेजपत्ते के तेल की कुछ बूंदों को पानी में मिलाकर पीने से अच्छी नींद आती है। पेट से जुड़ी कई समस्याओं में ये कारगर उपाय है। चाय में तेजपत्ते का इस्तेमाल करके कब्ज, आसिडिटी और मरोड़ जैसी समस्याओं से राहत पा सकते हैं। कॉकरोच भगाने के लिए इसका प्रयोग कर सकते हैं। यह आपकी सेहत के लिए बिलकुल भी हानिकारक नहीं है। दर्द में राहत के लिए भी तेजपत्ता एक कारगर उपाय है। तेजपत्ते के तेल से प्रभावित जगह पर मसाज करना बहुत फायदेमंद होता है। इसके अलावा अगर तेज सिर दर्द हो रहा हो तो भी इसके तेल से मसाज करना अच्छा रहता है। बहुत कम लोगों को ही पता होगा कि तेज पत्ते में बेहतरीन रूम फ्रेशनर के गुण भी होते हैं। तेज पत्ते को जलाने से निकलने वाला धुआं वातावरण में ताजगी लाता है। तेज पत्ते को जलाने से निकलने वाले धुएं से थकान दूर होती है, दिमाग शांत रहता है। इतना ही नहीं इसका धुआं शरीर के इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। अगर आप मिर्गी के मरीज हो तो तेज पत्ते का धुआं आपके लिए वरदान है।